## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 10.08.2025 (दोपहर–1455 बजे)

गिरिडीह में आज भाजपा की तरफ से 75 मीटर लंबी तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें आम और खास सभी लोगों ने हिस्सा लिया। झंडा मैदान से शुरू हुई यह यात्रा काली बाड़ी होते हुए बड़ा चौक तक पहुंची, जहां भारत माता की जय के नारे गूंजते रहे। जमुआ विधायक डॉ. मंजू कुमारी, भाजपा जिला अध्यक्ष महादेव दूबे और अन्य नेताओं ने लोगों से अपने घरों पर तिरंगा फहराने की अपील की। 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मौन जुलूस भी निकाला जाएगा।

*****************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आज रामगढ़ स्थित नेमरा में अपने पैतृक आवास पर बाबा दिशोम गुरु शिबू सोरेन के श्राद्ध कर्म के छठे दिन परंपरागत विधि से क्रिया संपन्न की। इस दौरान उन्होंने परिजनों और ग्रामीणों के साथ श्राद्ध से संबंधित विचार–विमर्श किया।

*****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के 50वें जन्मदिन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बाबूलाल मरांडी समेत कई नेताओं ने उन्हें बधाई दी। ग़ौरतलब है कि पिता शिबू सोरेन के निधन के कारण मुख्यमंत्री इस वर्ष अपना जन्मदिन नहीं मना रहे हैं।

*****************

जमशेदपुर में आधुनिक परिवहन सुविधाओं से युक्त अंतरराज्यीय बस टर्मिनल के निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि हाइब्रिड एन्युइटी मोड पर इसका निर्माण होगा। लगभग 145 करोड रुपए की लागत से 13 एकड़ जमीन मैं टर्मिनल का निर्माण किया जाएगा।

*****************

दुमका जिले में फाइलेरिया विलोपन के लिए विशेष अभियान आज से शुरू हुआ, जो 25 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान 16 लाख 83 हजार 715 लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। पहले दिन बूथों पर दवा दी गई, जबकि कल से स्वास्थ्य कर्मी घर–घर जाकर दवा खिलाएंगे। सिविल सर्जन डॉ. कामेश्वर प्रसाद ने बताया कि जिले में 5378 फाइलेरिया प्रभावित मरीज चिह्नित किए गए हैं।

*****************

जमशेदपुर में जुगसलाई नगर परिषद कार्यालय के सामने स्थित एक बिजली और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की दुकान में आज सुबह अचानक आग लग गई। सूचना पर दमकल विभाग की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने का प्रयास जारी है।

*****************

गुमला जिला मत्स्य पदाधिकारी कुसुम लता को नई दिल्ली में आयोजित सम्मान समारोह में राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

*****************

सरायकेला–खरसावां जिला के राजनगर थाना क्षेत्र के लकड़ा कोचा मोड़ के पास आज एक सड़क हादसे में बाइक पर सवार तीन युवकों की मौत हो गई। ये सभी युवक चाईबासा से जमशेदपुर जा रहे थे, उसी दौरान एक खड़े ट्रक से मोटरसाइकिल टकरा गई।

*****************

बोकारो, धनबाद और सिमडेगा समेत राज्य के कई हिस्सों में 13 अगस्त तक भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र बनने की वजह से झारखंड में भी इसका व्यापक असर दिखेगा। उन्होंने कहा कि राज्य में इस वर्ष एक जून से अबतक लगभग नौ सौ मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई है, जो सामान्य से चालीस प्रतिशत ज्यादा है।

*****************

दुमका के दो युवा तैराकों ने पहली बार राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में पदक जीतकर इतिहास रच दिया। जमशेदपुर में आयोजित झारखंड स्टेट जूनियर और सब जूनियर स्विमिंग चैंपियनशिप में आर्यन सिंह ने जूनियर वर्ग में 200 मीटर और 50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में दो कांस्य पदक जीते, जबकि आयुष कुमार ने सब जूनियर वर्ग में 50 मीटर में कांस्य पदक हासिल किया। खिलाड़ियों ने अपनी सफलता का श्रेय दुमका में हाल ही में बने स्विमिंग पूल और अपने प्रशिक्षक कौशल आनंद को दिया। प्रशिक्षक कौशल आनंद ने कहा कि तैराकी के क्षेत्र में यह उपलब्धि दुमका के खिलाड़ियों के लिए नए अवसरों के द्वार खोल रही है।

**************